# कार्यालयः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल

पत्रांकःसी.एम.एस. / ई–निविदा विभिन्न मदों का विज्ञापन / 2026–27 / 310-313 दिनांकः 08/05/2026

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना वित्तीय वर्ष 2026–27 विभिन्न मदों हेतु

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल, ई–निविदा समिति द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल वास्ते नीचे दिये विवरण के अनुसार विभिन्न मदों हेतु अनुभवी निविदादाताओं से ई–निविदा आंमत्रित की जाती है। ई–निविदा मद संख्या 1 एवं 2 के प्रत्येक मद के कार्य की अनुमानित धनराशि रू0 दस लाख व धरोहर राशि रू0 बीस हजार जो कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल के पद पर देय होगी। निविदा का मुल्य जी0एस0टी0 सहित (बैंक ड्राफ्ट) रू0 पांच सौ नब्बे मात्र जो कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सम्भल के पद पर देय होगी।

सभी ई–निविदा पोर्टल पर दिनांक 09.05.2026 के प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 29.05.2026 तक को सायंकाल 5.00 बजें तक अपलोड की जा सकती है व दोनां ई–निविदा खोलने की दिनांक 30.05.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे।

निविदायें दो बिड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय बिड प्राणाली द्वारा आमंत्रित है)।

| मद सं0 | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1. | जनपद सम्भल के जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल के मुख्य भवन मे स्थापित दो यात्री लिफ्ट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चन्दौसी व गुन्नौर की एम.सी.एच. विंग में स्थित क्रमशः एक, एक यात्री लिफ्ट की ए0एम0सी0 व माईनर मरम्मत का कार्य। |
| 2 | जनपद सम्भल के जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल के मुख्य भवन मे एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चन्दौसी व गुन्नौर के भवनों में पूर्व से स्थापित अग्निशमन प्रणाली की मरम्मत, रख–रखाव व संचालन का अनुरक्षण का कार्य। |

**योजना के अनुसार शर्ते एवं नियम निम्नवत है।**

1. जिन निवदादाताओं की तकनीकी बिड अर्ह होगी केवल उन्ही की वित्तीय बिड खोली जायेगी।
2. ई–निविदा खोलने के समय से 1 धण्टा पूर्व तक धरोहर राशि एवं शपथ पत्र की मूल कॉपी अद्योहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में जमा करनी होगी मूल कॉपी जमा न होने की दशा में निविदादाता की निविदा तकनीकी प्रपत्र भी नही खोले जायेगा अर्थात निविदा निरस्त मानी जायेगी।
3. निविदा सम्बन्धि जानकारी, विवरण नियम एवं शर्ते निविदा की प्रतिभागिता हेतु वेबसाईट पर लॉगिन करें एवं किसी भी प्रकार के संसोधन / विस्तार की सूचना वेवसाईट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर दी जायेगी।

उपरोक्त ई–निविदा विभाग की वेबसाईट **www.sambhal.nic.in** पर तकनीकी एवं वित्तीय विड की जानकारी उपलब्ध करने का कष्ट करे।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,
जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल

पत्रांकः सी.एम.एस. / विभिन्न मदों का विज्ञापन / ई–निविदा / 2026–27 / 310-313 O/C तद्दिनांक
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवांही हेतु प्रेषित–

1. सम्पादक, हिन्दुस्तान टाईम्स को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त निविदा सूचना को आगामी अंक में न्यूनतम स्थान पर राजकीय दरों पर प्रकाशित कर तथा जिला सूचना अधिकारी से बिल प्रमाणित कराकर भुगतान हेतु दो प्रतियों में इस कार्यालय मे उपलब्ध करायें।
2. सम्पादक, दैनिक जागरण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त निविदा सूचना को आगामी अंक में न्यूनतम स्थान पर राजकीय दरों पर प्रकाशित कर तथा जिला सूचना अधिकारी से बिल प्रमाणित कराकर भुगतान हेतु दो प्रतियों में इस कार्यालय मे उपलब्ध करायें।
3. जिला सूचना विज्ञापन अधिकारी, सम्भल को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त ई–निविदा सूचना को **www.sambhal.nic.in** पर अपलोड करने का कष्ट करें।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,
O/C जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल

Scanned with OKEN Scanner

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल

# कार्यालयः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल

पत्रांकःसी.एम.एस. / अग्निशमन / ई–निविदा / 2026–27 / 345          दिनांकः 08/05/2026

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु

महामहिम श्री राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद सम्भल में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 विभाग के अन्तर्गत स्थापित जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चन्दौसी एवं गुन्नौर के भवनों में पूर्व से स्थापित अग्निशमन प्रणाली की मरम्मत, रख–रखाव व संचालन का अनुरक्षण कार्यो हेतु अनुभवी निविदादाताओं से ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।

### तकनीकी प्रपत्र

| क्र0सं0 | कार्यालय / संस्था का नाम | कार्यालयः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल। |
|---|---|---|
| 1. | ई– निविदा फार्म अपलोड करने की तिथि | तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई– निविदा पोर्टल पर दिनांक 09.05.2026 के प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 29.05.2026 को सायंःकाल 05:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है। |
| 2. | ई– निविदा खोलने की तिथि व समय | दिनांक 30.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे। |
| 3. | निविदा की जमानत की धनराशि | कार्यो की धनराशि की लागत का दस प्रतिशत जमानत राशि जोकि कार्यालयः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल के पद पर देय होगी। |
| 4. | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यालयः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल। |
| 5. | निविदा का मूल्य (बैंक ड्राफ्ट) | रू0 590 / – (रू0 पॉच सौ नब्वे मात्र) कार्यालयः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल के पद पर देय होगा, जो वापिस नही किया जायेगा। |
| 6. | धरोहर राशि (एफ0डी0आर0 / बैंक ड्राफ्ट) | रू0 20,000 / – (रू0 बीस हजार मात्र) जोकि कार्यालयः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल के पद पर देय होगी। |

**निविदायें दो बिड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) के अन्तर्गत आमंत्रित हैं। योजना के अनुरूप शर्ते एवं नियम निम्नवत हैः–**

1. इस निविदा का उद्देश्य चिकित्सा ईकाईयों में अग्नि शमन प्रणाली को सुदृण कराकर 24 घण्टे (तीन शीफ्टों) सुचारू एवं क्रियाशील रखने एवं अकास्मिक स्थिति में अग्निशमन कार्यो को कराया जाना है विवरण निम्नवत है–
   (अ) **अग्निशमन सिस्टम के उपकरणों का रख–रखाव, मरम्मत तथा रिपलेसमेन्ट कार्य।**
   (i) चिकित्सा ईकाईयों के मुख्य भवन जिनमें अग्निशमन प्रणाली पूर्व से स्थापित है परन्तु वर्तमान में जीर्ण–क्षीर्ण व अक्रियाशील है।
   (ब) **अग्निशमन सिस्टम के संचालन का कार्य।**

1. जिन निविदादाताओं की तकनीकी बिड अर्ह होगी केवल उन्ही की वित्तीय बिड खोली जायेगी।
2. निविदादाताओं को कार्य हेतु अपनी दरें वित्तीय बिड संलग्न प्रारूप पर ही देनी होंगी। दरें अंको एवं शब्दों में स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी।
3. निविदादाता को आयकर पैन नं0 अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता का चरित्र प्रमाण पत्र जो कि जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त जो कि निविदा खोलने की दिनांक को वैद्य हो, अपलोड करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता का कम से कम पचास लाख रूपये का जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त हैसियत प्रमाण पत्र जो कि निविदा खोलने की दिनांक को वैद्य हो, अपलोड करना अनिवार्य होगा। फर्म पार्टनरशिप होने पर पार्टनरों की हैसियत का योग पचास लाख रूपये से कम नही होनी चाहिये या फर्म के नाम का कम से कम पचास लाख रूपये का हैसियत प्रमाण–पत्र होना चाहिये।
6. निविदादाता को वाणिज्य कर विभाग में जी0एस0टी0 में पंजीकरण, अपलोड करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता की फर्म अगर पार्टनरशिप में है तो पार्टनरशिप की छायाप्रति या यदि पूर्व में प्रस्तुत पार्टनरशिप डीड में कोई परिवर्तन हुआ है तो परिवर्तित पार्टनशिप डीड अपलोड करनी अनिवार्य होगी।
8. ई–निविदा खोलने के समय से 1 घण्टा पूर्व तक निविदा मूल्य, धरोहर राशि एवं शपथ पत्र की मूल कॉपी अद्योहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में जमा करनी होगी। मूल कॉपी जमा न होने की दशा में निविदादाता की निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
9. निविदादाता को आयकर बैलेन्श शीट वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 की बैलेस शीट चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा मय यू0डी0आईएन0 नम्बर सत्यापित करा हुआ एवं निर्धारिण करा हुआ वित्तीय वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 की आयकर रिर्टन शीट आयकर पोर्टल की ई–फाईलिंग एक्नॉलेजमेंट नम्बर सहित ई–निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है।
10. आयकर की नियमानुसार कटौती कर ठेकेदारों के बिलो का भुगतान किया जायेगा।

क्रमशः पेज नं0– 2

Scanned with OKEN Scanner

11. जी0एस0टी0 निविदादाता द्वारा दी गयी दरों पर अतिरिक्त देय होगा।
12. एक या समस्त निविदायें बिना किसी कारण बताएं अद्योहस्ताक्षरकर्ता की टेन्डर समिति को निरस्त करने का अधिकार होगा।
13. जिस निविदादाता की निविदायें स्वीकृत की जायेंगी उसे आदेश प्राप्ति के 3 दिनों के भीतर स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। यदि निविदादाता समयावधि में अनुबन्ध करने में असमर्थ रहता है तो उसकी जमानत राशि जब्त कर निविदायें निरस्त कर दी जायेंगी।
14. फर्म/ठेकेदार को जिस दिनांक से कार्य करने का आदेश प्राप्त होगा उसी दिनांक से कार्य करना होगा तथा बिना कार्य आदेश के कोई कार्य नही किया जायेगा।
15. अग्निशमन सिस्टम के कार्यो के बिलों का नियमानुसार भुगतान विभागीय टेक्नोलोजिस्ट के सत्यापन के उपरान्त ही किया जायेगा।
16. फर्म/ठेकेदार को दिये गये निश्चित समय पर अग्निशमन सिस्टम का कार्य पूरा ना होने की दशा में रू0– 100.00 प्रतिदिन की दर से जुर्माना अदा करना होगा जो कि 15 दिन के उपरान्त बढाया भी जा सकता है।
17. यदि फर्म/ठेकेदार आदेश में दिये गये समय के अन्दर कार्य करने मे असमर्थ रहता है तो यह कार्य आवश्यकता पड़ने पर अन्य फर्म से करा लिया जायेगा, और दरों मे कोई अन्तर आता है तो वह अधिकृत फर्म/ठेकेदार से जमानत राशि जब्त करके वसूला जायेगा।
18. निविदा वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु एवं अग्रिम ई–निविदा स्वीकृत होने तक मान्य होगी।
19. निविदादाता द्वारा दिये गये प्रमाण–पत्रों को सम्बन्धित विभागों से सत्यापित कराया जा सकता है। फर्जी प्रमाण–पत्र साबित होने पर निविदादाता की फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही की जायेगी।
20. निविदादाता को निम्नलिखित शर्तो का 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र का अपलोड करना होगा।
    क– निविदादाता का चिकित्सा विभाग में सगा सम्बन्धी अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत ना होने का शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
    ख– निविदादाता एवं उसकी फर्म/कम्पनी के प्रोपराईटर/पार्टनर/निदेशक को सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से कभी भी किसी विभाग द्वारा काली सूची में नही डाला गया है का शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
    ग– निविदादाता एवं उसकी फर्म के प्रोपराईटर/पार्टनर/निदेशक को किसी भी मान्यनीय न्यायालय द्वारा दन्डित नही किया गया है का शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
21. सफल निविदादाता को उपरोक्त भवनों में स्थापित अग्निशमन प्रणाली को 24 घण्टे (तीन शिफ्टों में) सुचारू एवं क्रियाशील रखने हेतु प्रणाली में प्रयुक्त व कार्य आरम्भ के उपरान्त अक्रियाशील होने वाले प्रत्यके अग्निशमन उपकरण/सामग्री की शीघ्र–अतिशीघ्र मरम्मत कराकर क्रियाशील कराना होगा, मरम्मत ना हो पाने की स्थित में उस उपकरण/सामग्री को रिपलेस कराना होगा।
22. निविदादाता को उपलब्ध करायी गयी पंजिका में अग्निशमन प्रणाली से सम्बन्धित रिपोर्ट भरनी होगी तथा जिसका निरीक्षण सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/भ्रमण के समय विभागीय टेक्नोलोजिस्ट द्वारा किया जायेगा।
23. निविदादाता को भवन में स्थापित अग्निशमन प्रणाली को प्रत्येक दिन तीनो शिफ्टो अटेन्डेन्ट को ऑन रिटिन चार्ज देना अनिवार्य होगा।
24. निविदादाता द्वारा तकनीकी बिड में संलग्न किये गये सभी अभिलेखों की सत्यता का शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
25. निविदादाता द्वारा अपलोड किये गये सभी अभिलेख स्वच्छ एवं पढ़ने योग्य होने चाहिए, अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
26. निविदा सम्बन्धी जानकारी, विवरण नियम एंव शर्ते डाउनलोड/निविदा में प्रतिभागिता हेतु वेबसाईट पर लॉगिन करें एंव किसी भी प्रकार के संसोधन/विस्तार की सूचना वेबसाईट अथवा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर दी जायेगी।
27. उपरोक्त ई–निविदा विभाग की वेबसाईट–www.sambhal.nic.in पर भी उपलब्ध है।

उपरोक्त सभी शर्ते मेरे/हमारे द्वारा भली भॉति पढ़ ली गयी है जो मुझे/हमें मान्य हैं तथा दी गयी शर्ते तकनीकी निविदा फार्म के साथ अपलोड की जा रही है।

निविदादाता के हस्ताक्षर..........................................................................
निविदादाता की फर्म का नाम ...................................................................
पता ..........................................................................................................
मो0 नं0 ......................................................................

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajendra Singh
Date: 2026.05.11 10:54:34 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

Scanned with OKEN Scanner